


# मिशन शिक्षण संवाद

# सप्त पुरियाँ



## काव्य मंजरी

शैक्षिक कविताओं का

संकलन


संकलन:- काव्य मंजरी टीम

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## सप्त पुरियाँ

01

### अयोध्या



प्राचीन नाम है साकेत,
अयोध्या नगरी आज है नाम।
सरयू नदी के तट पर बसी,
यहाँ हर मन में बसे प्रभु राम।।

मान्यता है बहुत प्राचीन,
मनु ने इस नगरी को बसाया।
अयोध्या इसको नाम दिया,
जिसे युद्ध में कोई जीत न पाया।।

सप्तपुरियों में से एक,
यहाँ जन्मे थे प्रभु श्री राम।
मोक्षदायिनी उसको माना,
जहाँ बनता है बिगड़ा काम।।


यूँ तो बहुत से हैं त्योहार,
मनाए जाते हैं यहाँ,
पर श्री राम-जानकी नवमी,
राम-विवाह की धूम यहाँ।।




रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद



## सप्त पुरियाँ



शिक्षक का सम्मान

02

## मथुरा





भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में मथुरा,
पर्यटन हेतु प्रसिद्ध शहर है।
ऐतिहासिक रुप से स्थापित यह,
कनिष्क वंश का प्राचीन नगर है।।

भारतीय संस्कृति, सभ्यता का,
मथुरा सदैव ही केन्द्र रहा।
भारतीय-दर्शन, कला, साहित्य-निर्माण में,
मथुरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।।

प्राचीन नाम शूरसेन-नगरी, मधुपुरी,
जो हिमालय, विन्ध्याचल बीच बसा।
यमुना नदी के किनारे स्थित है,
प्राचीन काल में जिसे आर्यवर्त्त कहा।।

भगवान कृष्ण की जन्मस्थली है,
मधुदैत्य और कंस ने भी राज्य किया।
महाकवि सूरदास, हरिदास स्वामी,
कवि रसखान ने, मथुरा का गुणगान किया।।



रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
परि० संवि० पूर्व मा० वि०- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढाय।

9458278429

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## सप्त पुरियाँ



03

## माया




भारत की आकर्षक नगरी,
कहलाती है मायानगरी।
गंगा बहती मोक्षदायनी,
पतित पावन है महानगरी।।



प्राचीन कुम्भ की सुन्दर सी,
हरिद्वार है मायानगरी।
गोमुख का स्त्रोत यहाँ से,
ऐसी मशहूर है मायानगरी।।

शंकर से वरदान यहाँ पर,
उत्तरांचल में बसी ये नगरी।
अमृत की बूँदें यहाँ गिरी,
दर्शनीय ये मायानगरी।।

कई पर्यटन स्थल यहाँ,
मेले होते हैं इस नगरी।
आश्रम, विद्यापीठ मुख्यतः,
विशेष पुरी है ये नगरी।।



रचना- आयुषी अग्रवाल (स०अ०)
क० वि० शेखूपुर खास
कुन्दरकी (मुरादाबाद)

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद





## सप्त पुरियाँ

04

# काशी

भारत की पावन नगरी है,
धार्मिक स्थल है ये महान।
पतित पावनी गंगा के तट,
बसा हुआ काशी शुभ धाम।।



काशी विद्यापीठ, सम्पूर्णानन्द,
संस्कृत यहीं विश्वविद्यालय हैं।
भारत माता, संकटमोचन मंदिर,
दुर्गा माँ, तुलसी, शिव के आलय हैं।।

इस नगरी में घाटों के हैं,
दृश्य अनेक मनोरम।
पाँच कोस में बसी हुई है,
सुबह यहाँ की अनुपम।।

वाराणसी है नाम पुरातन,
परिवर्तित हो हुआ बनारस।
विश्वनाथ बाबा की नगरी,
मोक्षदायिनी बरसाती मधुरस।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू०मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें।


9458278429



# मिशन शिक्षण संवाद



# सप्त पुरियाँ



05

## कांची



कांचीपुरम भव्य नगरी एक,
कांची, काचीअम्पाठी नाम अनेक।
मन्दिरों की नगरी है विशेष,
स्थित मन्दिर हैं एक से एक।।

कामाक्षी अम्मा मन्दिर सुविख्यात,
कैलाशनाथ मन्दिर विश्वविख्यात।
वेगवती नदी किनारे स्थित,
कांजीवरम साड़ी उद्योग व्यवस्थित।।



कांचीपुरम का अर्थ महान,
ब्रह्मा को पूजने का पवित्र स्थान,
सप्तपुरी में होती है गणना,
हजार तीर्थस्थलों की संगणना।।

चोल, पल्लवों की प्राचीन राजधानी,
आन्तरिक आनन्द की मोक्ष दायिनी।
तमिलनाडु की मुख्य पर्यटन स्थली,
हिन्दुओं की है पवित्र तीर्थस्थली।।



रचना- सुप्रिया सिंह (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय बनियामऊ
मछरेहटा, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## सप्त पुरियाँ



06


## अवंतिका पुरी



पुरी सात हैं भारत में,
मोक्षदायिनी सप्तपुरी।
नाम है जिसका अब उज्जैन,
थी वह तो अवन्तिकापुरी।।

अवन्ती नाम के राजा पर
रखा गया था जिसका नाम।
प्रभु शिव का ज्योतिर्लिंग यहाँ,
करते हैं सब उसे प्रणाम।।

कालीदास की नगरी के,
नाम से इसको जाना जाता।
देशान्तर रेखाओं का आरम्भ,
यहीं से माना जाता है।।



महाकाल की इस नगरी में,
लगता है कुम्भ का मेला।
बसा है शिप्रा नदी किनारे,
मन्दिरों का नगर अलबेला।।



रचना:
श्रीमती पूनम गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० धनीपुर,
धनीपुर, अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





# सप्त पुरियाँ



07

## द्वारिकापुरी






हमारे देश भारत के,
गुजरात राज्य में।
स्थित है प्राचीन नगर
देवभूमि द्वारका जिले में ।।

बसा गोमती नदी किनारे,
है अरब सागर के किनारे।
हिन्दुओं के चारधाम में एक,
और सप्तपुरी में भी एक ।।

श्रीकृष्ण ने बसाया द्वारका को,
बनाया कर्मभूमि इस नगरी को।
अन्त किया अधर्मी राजाओं का,
उद्धार किया पापों से द्वारका का।।

इस पवित्र, धार्मिक नगरी का,
है बहुत बड़ा रहस्य तीर्थ स्थल का।
डूब गयी यह कर्म भूमि नगरी,
जब देहावसान हुआ श्री कृष्ण का ।।



रचना - प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें।

9458278429

# मिशन शिक्षण संवाद

# सप्त पुरियाँ

## रचनाकारों की सूची

01 हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
02 नैमिष शर्मा, मथुरा
03 आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
04 शिखा वर्मा, सीतापुर
05 सुप्रिया सिंह, सीतापुर
06 पूनम गुप्ता, अलीगढ़
07 प्रतिमा उमराव, फतेहपुर

***तकनीकी सहयोग***
जितेन्द्र कुमार, बागपत

मार्गदर्शन:- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- काव्य मंजरी टीम

मिशन शिक्षण संवाद